सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-371
01/09/2016

प्राचार्य मगध महिला कॉलेज ने एक लाख एक रूपये तथा बिहार आदिम जाति सेवा समिति ने पचास हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा

पटना, 01 सितम्बर 2016 :– मगध महिला कॉलेज की प्राचार्या प्रो0 आशा सिंह एवं मगध महिला कॉलेज की व्याख्याता डॉ0 सुहेली मेहता ने एक लाख एक रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

दूसरी ओर बिहार आदिम जाति सेवा समिति की ओर से सचिव श्री वीरेन्द्र कुमार, अध्यक्ष आदिवासी महिला मण्डल, कैमूर श्रीमती शीला गोंड तथा बिहार राज्य गोंड महासभा की सदस्या श्रीमती प्रियांकी गोंड ने पचास हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने इस अंशदान के लिये प्राचार्य मगध महिला कॉलेज तथा बिहार आदिम जाति सेवा समिति के सदस्यों को धन्यवाद दिया तथा उनकी इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

******